प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर विश्वविद्यालय को मिला महिन्द्रा स्मृद्धि अवार्ड

पंतनगर। ७ मार्च २०१८। पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. ए.के. मिश्रा को आज केन्द्रीय कृषि मंत्री, श्री राधा मोहन सिंह, ने महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा लिमिटेड द्वारा स्थापित 'महिन्द्रा स्मृद्धि एग्री अवार्ड २०१८' से सम्मानित किया। विश्वविद्यालय को यह सम्मान 'कृषि शिक्षा सम्मान' वर्ग में प्रदान किया गया है। नई दिल्ली में अशोका होटल में आज सायं आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री द्वारा यह सम्मान कुलपति को प्रदान किया गया।

महिन्द्रा एवं महिन्द्रा के आटोमेटिव एण्ड फार्म इक्विूपमेन्ट्स सेक्टर द्वारा ८ वर्ष पूर्व, वर्ष २०१० में, प्रारम्भ किये गये ये अवार्ड ८ विभिन्न वर्गों में प्रदान किये जाते है, जिनमें से कृषि शिक्षा सम्मान वर्ग में देश के कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने नामांकन भेजे जाते हैं। इन नामांकनों को प्रमुख शिक्षाविद् एवं विशेषज्ञों की जूरी द्वारा विभिन्न स्तरों पर परीक्षण किया जाता है। इस वर्ष के नामांकनों पर निर्णय लेने हेतु बनाये गये ग्रैंड जूरी (उच्चतम निर्णायक मण्डल) के अध्यक्ष भारत सरकार के कृषि सचिव, श्री शोभना के. पटनायक थे। इन अवार्ड का उद्देश्य कृषि में किये गये ऐसे उद्देश्यपूर्ण योगदानों को सराहा जाना है, जिनके द्वारा कृषि में उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में खुशहाली लायी जा सके।

केन्द्रीय कृषि मंत्री, श्री राधा मोहन सिंह, से महिन्द्रा स्मृद्धि एग्री अवार्ड २०१८ प्राप्त करते पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. ए.के. मिश्रा।